उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार– 249404

संख्याः 02 / 80 / 05 / डी0ई0(प्रधानाचार्य)(मा0शि0) / सेवा–1 / 2023–2024 दिनांक ::02 अप्रैल, 2024

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या : **A-3/DE(Principal)**(मा0शि0) / **S-1/2024,** दिनांक 11 मार्च, 2024 के माध्यम से विज्ञापित **प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या, रा0इ0का0 / रा0बा0इ0का0 सीमित विभागीय परीक्षा– 2024** हेतु पात्र अभ्यर्थियों से दिनांक 14 मार्च, 2024 से 03 अप्रैल 2024 तक ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं।
उक्त विज्ञापन के संबंध में अभ्यर्थियों द्वारा प्रेषित प्रत्यावेदनों पर मा0 आयोग द्वारा लिए गए निर्णय के क्रम में **अनिवार्य शैक्षिक अर्हता स्नातकोत्तर के अन्तर्गत M.Ed.(Master of Education) की उपाधि धारित करने वाले अभ्यर्थियों को प्रश्नगत विज्ञापन के सापेक्ष ऑनलाइन आवेदन किए जाने की अनुमति प्रदान की जाती है।**

उक्त के दृष्टिगत **प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या, रा0इ0का0 / रा0बा0इ0का0 सीमित विभागीय परीक्षा– 2024** हेतु सभी अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि तथा ऑनलाइन आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि **दिनांक 09 अप्रैल, 2024 (रात्रि 11:59:59 बजे तक)** तक विस्तारित की जाती है।

2. उक्त के अतिरिक्त विज्ञापन के **अतिमहत्वपूर्ण निर्देशों के बिन्दु संख्या 8** के अनुसार ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि **09.04.2024** तक आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करने के लिए ऑनलाइन आवेदन में की गई प्रविष्टियों में संशोधन / परिवर्तन (Edit/Correction) किए जाने हेतु केवल एक बार के लिए आयोग की वेबसाइट psc.uk.gov.in पर online edit window लिंक दिनांक **15.04.2024 से 24.04.2024 (रात्रि 11:59:59 बजे तक)** खोला जाएगा। अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी हेतु आयोग की वेबसाइट पर प्रसारित विस्तृत विज्ञप्ति का अवलोकन करें।

विज्ञापन की अन्य शर्तें एवं नियम यथावत रहेंगे।

-Sd/-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।